# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड

**विश्वकर्मा भवन, प्रथम तल, सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून— 248001**

फोन न0 (0135) – 2713760, 2713551
फैक्स न0 (0135) –2713724


संख्याः 982 /XXV–08(Part-2)/2018 देहरादूनः दिनांक 19 मई, 2018.

**MOST-URGENT**

सेवा में,

अपर निदेशक,
राजकीय मुद्रणालय एंव फोटोलिथो प्रेस
रूडकी, जनपद हरिद्वार।

विषयः— **05—थराली(अ0जा0) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान सभा के लिए उप निर्वाचन, 2018—Use of Electronic Voting Machines and VVPAT सम्बन्धी अधिसूचना को राज्य के असाधारण गजट में प्रकाशन हेतु प्रेषण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या—576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018 दिनांक 18 मई, 2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से आयोग द्वारा जनपद चमोली की 05—थराली(अ0जा0) विधान सभा के लिए उप निर्वाचन, 2018 के दृष्टिगत रखते **Use of Electronic Voting Machines and VVPAT** सम्बन्धी अधिसूचना संख्या—576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/ SDR/Vol.I/2018 दिनांक 18 मई, 2018 की हिन्दी एंव अंग्रेजी प्रति संलग्न कर इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आयोग की उक्त अधिसूचना को राज्य के असाधारण गजट दिनांक 18 मई, 2018 में प्रकाशित करते हुए प्रकाशित गजट की 25—25 प्रतियां तत्काल इस कार्यालय को यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्नकः— यथोपरि।**

भवदीय,

(सौजन्या)
सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

**पृ0 संख्या— 982 /XXV—08(Part-2)/2018, तद्दिनांक**

प्रतिलिपि जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी, चमोली को भारत निर्वाचन आयोग के उपरोक्त वर्णित पत्र संख्या—576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018 दिनांक 18 मई, 2018 एवं आयोग की अधिसूचना संख्या—576/EVM/3/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018 दिनांक 18 मई, 2018 की हिन्दी एंव अंग्रेजी में प्रति संलग्न सहित सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

2. प्रतिलिपि रिटर्निगं आफिसर, 05—थराली(अ.जा.) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र को आयोग के उक्त वर्णित पत्र संख्या—576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018 दिनांक 18 मई, 2018 एवं समसंख्याक अधिसूचना की हिन्दी एवं अग्रेजी में प्रति संलग्न सहित सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित ।

**संलग्नकः —यथोपरि।**

(सौजन्या)
सचिव एवं
मुख्य निर्वाचन अधिकारी

# ELECTION COMMISSION OF INDIA

**Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi –110 001**

No. 576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018 Dated: 18th May, 2018

To,

The Chief Electoral Officer's

1. Maharashtra
2. Nagaland
3. Uttar Pradesh
4. Bihar
5. Jharkhand
6. Kerala
7. Meghalaya
8. Punjab
9. Uttarakhand
10. West Bengal

Sub: - Bye Elections to the Lok Sabha from Parliamentary Constituencies of Maharashtra, Nagaland, Uttar Pradesh and in the State Legislative Assemblies of Bihar, Jharkhand, Kerala, Maharashtra, Meghalaya, Punjab, Uttarakhand, Uttar Pradesh and West Bengal, 2018 - Use of Electronic Voting Machines and VVPAT- reg.

Sir,

I am directed to forward herewith the Commission's Direction bearing No. 576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018, dated **18th May, 2018**, issued in pursuance of Section 61A of the Representation of the People Act, 1951, specifying **11-Bhandara-Gondiya, 22-Palghar(ST) Parliamentary Constituencies & 285-Palus Kadegaon Assembly Constituency in Maharashtra, Nagaland Parliamentary Constituency in Nagaland, 2-Kairana Parliamentary Constituency & 24-Noorpur Assembly Constituency in Uttar Pradesh, 50-Jokihat Assembly Constituency in Bihar, 34-Gomia & 61-Silli Assembly Constituencies in Jharkhand, 110-Chengannur Assembly Constituency in Kerala, 53-Ampati(ST) Assembly Constituency in Meghalaya, 32-Shahkot Assembly Constituency in Punjab, 05-Tharali(SC) Assembly Constituency in Uttarakhand and 155-Maheshtala Assembly Constituency in West Bengal,** as the Constituencies where giving and recording of votes at the current bye-elections to the House of the People and State Legislative Assemblies, **notified on 03-05-2018** shall be by means of Electronic Voting Machines. The Commission has also specified that in the aforesaid Constituencies, a Printer with a drop box shall be attached to all voting machines being used in the said constituencies for

printing Paper Trail of the vote. The Direction may be published in the Official Gazette of the States immediately and two copies of the Gazette may be forwarded to the Commission for its information and record.

2. I am further directed to invite your attention to the rules 49A, 49B, 49P and 49T(2) of the Conduct of Elections Rules, 1961, relating to the designs of voting machines, form and language(s) of the ballot paper on the balloting unit, design and language of tendered ballot paper and the manner of sealing of voting machines after the poll. The related instruction in this regard contained in Chapter-XI, 'Postal Ballot Papers and Ballot Papers for Voting Machines', of Returning Officers' Handbook, 2014 edition may kindly be followed. Attention is also invited to the instructions regarding use of VVPAT system and sealing of the paper slip after counting is completed.

3. The above mentioned instructions may be brought to the notice of the Returning Officers of the Constituencies concerned for their information and compliance.

4. The aforesaid decision of the Commission may also be given wide publicity.

5. As regards counting of votes, your attention is invited to the provisions of rules 50 to 54A, 60 to 66A and 55C to 57C of the Conduct of Elections Rules, 1961, and also the Commission's detailed directions and instructions relating to counting of votes as contained in Chapter XV of the Returning Officers' Handbook, 2014 (where EVMs are used) and the other supplementary instructions issued on the subject, from time to time. The Returning Officers should be instructed to follow the said directions and instructions scrupulously.

6. Kindly acknowledge receipt.

Yours faithfully,

Lata Tripathi

(Lata Tripathi)
Under Secretary

To be published in the Gazette of India and the official Gazette of State Government of Maharashtra, Nagaland, Uttar Pradesh, Bihar, Jharkhand, Kerala, Meghalaya, Punjab, Uttarakhand, and West Bengal.

# ELECTION COMMISSION OF INDIA

**Nirvachan Sadan, Ashoka Road, New Delhi – 110001.**

Dated: 18th May, 2018.

## DIRECTION

No.576/3/EVM/ECI/LET/FUNC/JUD/SDR/Vol.I/2018:- Whereas, Section 61A of the Representation of the People Act, 1951, provides that the giving and recording of votes by Voting Machines in such manner as may be prescribed, may be adopted in such constituency or constituencies as the Election Commission of India may, having regard to the circumstances of each case, specify; and

2. Whereas, as per the proviso to rule 49A of the Conduct of Elections Rules, 1961, a Printer with a drop box of such design, as may be approved by the Election Commission of India, may also be attached to voting machine for printing a paper trail of the vote, in such constituency or constituencies or parts thereof as the Election Commission of India may direct; and

3. Whereas, the Commission has considered the circumstances in **11-Bhandara-Gondiya, 22-Palghar(ST) Parliamentary Constituencies & 285-Palus Kadegaon Assembly Constituency in Maharashtra, Nagaland Parliamentary Constituency in Nagaland, 2-Kairana Parliamentary Constituency & 24-Noorpur Assembly Constituency in Uttar Pradesh, 50-Jokihat Assembly Constituency in Bihar, 34-Gomia & 61-Silli Assembly Constituencies in Jharkhand, 110-Chengannur Assembly Constituency in Kerala, 53-Ampati(ST) Assembly Constituency in Meghalaya, 32-Shahkot Assembly Constituency in Punjab, 05-Tharali(SC) Assembly Constituency in Uttarakhand and 155-Maheshtala Assembly Constituency in West Bengal,** in which bye-elections are currently in progress, and is satisfied that sufficient number of Electronic Voting Machines and Printers for Paper Trail are available for taking the poll in the abovementioned Parliamentary and Assembly Constituencies,

the polling personnel are well trained in efficient handling of the Electronic Voting Machines and Printer for Paper Trail (VVPATs) and the electors are also fully conversant with the operation of the Electronic Voting Machines and the VVPATs;

4. Now, therefore, the Election Commission of India, in exercise of its powers under the said Section 61A of the Representation of the People Act, 1951, and rule 49A of the Conduct of Elections Rules, 1961, hereby specifies **11-Bhandara-Gondiya, 22-Palghar(ST) Parliamentary Constituencies & 285-Palus Kadegaon Assembly Constituency in Maharashtra, Nagaland Parliamentary Constituency in Nagaland, 2-Kairana Parliamentary Constituency & 24-Noorpur Assembly Constituency in Uttar Pradesh, 50-Jokihat Assembly Constituency in Bihar, 34-Gomia & 61-Silli Assembly Constituencies in Jharkhand, 110-Chengannur Assembly Constituency in Kerala, 53-Ampati(ST) Assembly Constituency in Meghalaya, 32-Shahkot Assembly Constituency in Punjab, 05-Tharali(SC) Assembly Constituency in Uttarakhand and 155-Maheshtala Assembly Constituency in West Bengal,** as the constituencies in which the votes at the current bye-elections to the House of the People and State Legislative Assemblies of Maharashtra, Nagaland, Uttar Pradesh and in the State Legislative Assemblies of Bihar, Jharkhand, Kerala, Maharashtra, Meghalaya, Punjab, Uttarakhand, Uttar Pradesh and West Bengal, from the said constituencies, notified on **03.05.2018**, shall be given and recorded by means of Electronic Voting Machines and Printers for Paper Trail (VVPATs) in the manner prescribed, under the Conduct of Elections Rules, 1961, and the supplementary instructions issued by the Commission from time to time on the subject.

5. The Commission also hereby approves the design of the Electronic Voting Machine and the VVPATs as developed by the Bharat Electronics Ltd., Bangalore and Electronics Corporation of India Ltd., Hyderabad, which shall be attached to the said voting machines, to be used for the giving and recording of votes in the above said Parliamentary and Assembly Constituencies.

By Order,

(K.F.WILFRED)
SR. PRINCIPALSECRETARY

भारत के राजपत्र में प्रकाशनार्थ तथा महाराष्ट्र, नागालैण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, केरल, मेघालय, पंजाब, उत्तराखण्ड तथा पश्चिम बंगाल राज्यों के शासकीय राजपत्र में पुनः प्रकाशनार्थ

# भारत निर्वाचन आयोग

निर्वाचन सदन, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001

तारीख- 18 मई, 2018

## निदेश

सं.576/3/ईवीएम/ईसीआई/पत्र/प्रकार्या./न्या./एसडीआर/खंड-1/2018:- यतः, लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 61क यह उपबंधित करती है कि वोटिंग मशीनों द्वारा मतों का डाला जाना और रिकार्ड करना ऐसी रीति से किया जाए जैसा कि निर्धारित किया जाए और ऐसे निर्वाचन क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्रों में अपनाया जाए जैसा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा प्रत्येक मामले की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए विनिर्दिष्ट करे; और

2. यतः, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 49क के परन्तुक के अनुसार, ऐसे डिजाइन वाले ड्राप बॉक्स सहित एक प्रिंटर, जैसा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा अनुमोदित किया जाए, ऐसे निर्वाचन क्षेत्र या निर्वाचन क्षेत्रों या उसके भागों में जैसा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा, निदेश दिया जाए, मतों के पेपर ट्रेल के मुद्रण के लिए मतदान मशीन के साथ जोड़ा जाए; और

3. यत: आयोग ने महाराष्ट्र के 11-भण्डारा-गोंदिया, 22-पालघर (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों एवं 285- पलुस कंडेगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, नागालैंड के नागालैंड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के 2-कैराना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 24-नूरपुर विधान सभा क्षेत्र तथा बिहार के 50-जोकीहाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड के 34-गोमिया एवं 61-सिल्ली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, केरल के 110-चेनगान्नूर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, मेघालय के 53-आमपाती(अ.ज.जा.) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, पंजाब के 32-शाहकोट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, उत्तराखण्ड को 05-थराली(अ.जा.) विधान सभा क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के 155-महेशतला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, जिनमें वर्तमान में उप-निर्वाचन चल रहे हैं, की परिस्थितियों पर विचार किया है, और वह संतुष्ट है कि उपर्युक्त संसदीय एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान के लिए पर्याप्त संख्या में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनें तथा पेपर ट्रेल के लिए प्रिंटर उपलब्ध हैं, तथा मतदान कर्मचारी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तथा पेपर ट्रेल के लिए प्रिंटर को दक्षतापूर्ण संचालन करने के लिए प्रशिक्षित हैं तथा निर्वाचक भी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों तथा उक्त प्रिंटरों की कार्यप्रणाली से पूर्णतया परिचित हैं।

4. अतः, अब भारत निर्वाचन आयोग लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की उक्त धारा 61क तथा निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के नियम 49क के अंतर्गत अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए एतद्द्वारा महाराष्ट्र के 11-भण्डारा-गोंदिया, 22-पालघर (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों एवं 285- पलुस कंडेगांव विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, नागालैंड के नागालैंड संसदीय निर्वाचन क्षेत्र, उत्तर प्रदेश के 2-कैराना संसदीय निर्वाचन क्षेत्र एवं 24-नूरपुर विधान सभा क्षेत्र तथा बिहार के 50-जोकीहाट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, झारखण्ड के 34-गोमिया एवं 61-सिल्ली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों, केरल के 110-चेनगान्नूर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, मेघालय के 53-आमपाती(अ.ज.जा.) विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, पंजाब के 32-शाहकोट विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, उत्तराखण्ड को 05-थराली(अ.जा.) विधान सभा क्षेत्र और पश्चिम बंगाल के 155-महेशतला विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र, को ऐसे निर्वाचन क्षेत्र के रूप में विनिर्दिष्ट करता है, जिसमें 03.05.2018 को उक्त संसदीय एवं राज्य विधान सभा निर्वाचन-क्षेत्रों से अधिसूचित किए गए संबंधित महाराष्ट्र, नागालैण्ड, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, केरल, मेघालय, पंजाब, उत्तराखण्ड एवं पश्चिम बंगाल के चालू उप-निर्वाचनों में, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961 के अधीन निर्धारित रीति से तथा जैसा कि इस विषय पर आयोग द्वारा समय-समय पर अनुपूरक अनुदेश जारी किए गए है, इलेक्टॉनिक मतदान मशीनों तथा पेपर ट्रेल के लिए प्रिंटर के माध्यम से मत डाले और रिकॉर्ड किए जाएंगें।

5. आयोग एतदद्वारा भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, बंगलौर तथा इलेक्ट्रॉनिक्स कार्पोरेशन आफ इण्डिया लिमिटेड, हैदराबाद द्वारा यथा-विकसित इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और ड्रॉप बॉक्स सहित प्रिंटर, जिसे उक्त वोटिंग मशीनों के साथ संलग्न किया जाएगा, के डिजाइन को भी अनुमोदित करता है जिनका उपर्युक्त विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में मतों को डालने और रिकार्ड करने के लिए उपयोग किया जाएगा।

**आदेश से,**

**(के. एफ. विल्फ्रेड)**
**वरिष्ठ प्रधान सचिव**